विधान परिषद के प्रथम सत्र 2025 के द्वितीय मंगलवार के लिये निर्धारित डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह 'गुरू जी', मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर

| 5 | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| | (क) क्या खेल मंत्री बतायेगे कि जनपद-अलीगढ़ में महारानी अवंती बाई लोधी स्टेडियम स्थित है ? | जी नहीं। जनपद अलीगढ़ में खेल विभाग के अंतर्गत महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम संचालित है। |
| | (ख) क्या उसके रख-रखाव के लिये किसी अधिकारी की नियुक्ति की गयी है तथा खेल कराने के लिए कोच की व्यवस्था है? | खेल विभाग के उक्त स्टेडियम में 01 जिला क्रीडाधिकारी तैनात है, इसके अतिरिक्त अलीगढ़ मण्डल स्तर पर 01 क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी भी तैनात हैं तथा 07 खेलों में प्रशिक्षण देने हेतु 01 नियमित व 06 अंशकालिक मानदेय कोच नियुक्त हैं। |
| | (ग) क्या पिछले तीन वर्षो में स्टेडियम के रख-रखाव के लिए बजट आवंटित हुआ था ? | महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम के रख-रखाव हेतु पिछले 03 वर्षों में क्रमशः वर्ष 2022-23 में रू. 10,08,980.00 , वर्ष 2023-24 में रू. 13,37,111.00 तथा वर्ष 2024-25 में रू. 17,36,725.00 का बजट आवंटित हुआ है। |
| | (घ) यदि हॉ, तो किस खेल की सुविधा व्यवस्था पर कितना खर्च हुआ ? | खेल विभाग के उक्त स्टेडियम में वर्ष 2022-23 में भारोत्तोलन एवं जिम्नास्टिक हेतु रू. 7,00,596/- , वर्ष 2023-24 में जिम्नास्टिक, हॉकी एवं फुटबाल के स्थायी तथा अस्थायी उपकरणों हेतु क्रमशः रू. 1,89,176/- , रू. 16,139/- तथा वर्ष 2024-25 में बाक्सिंग व हॉकी के अस्थायी उपकरण हेतु रू. 34,000/- का व्यय हुआ है। |
| | (ड़) क्या खेलों के लिए नियमित कोच की व्यवस्था है ? | उपरोक्तानुसार। |
| | (च) यदि हॉ, तो कौन-कौन से खेल के लिए कोच की व्यवस्था है ? | खेल विभाग के उक्त स्टेडियम में जिम्नास्टिक, भारोत्तोलन, कुश्ती, एथलेटिक्स, हॉकी, शूटिंग तथा बैडमिण्टन के खेल प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षकों की व्यवस्था है। |

| | |
|---|---|
| (छ) यदि नहीं, तो कब तक व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे ? | प्रश्न नहीं उठता। |

गिरीश चन्द्र यादव
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)